PRATHAM - SHAH PraDigi प्रडिजि INNOVATION CENTER

# 7 गोले



## सामग्री

पेपर, पेन या पेंसिल, चॉक।



## खेल पूर्व तैयारी

कोच को चाहिए कि कोई खुली जगह जैसे आँगन में 7 बड़े गोले एक ही लाइन में बनाएं और उनमें 1 से 7 तक नंबर लिखें जैसे पहले गोले में नंबर 1, दूसरे गोले में नंबर 2 और निम्नलिखित चीजों को कागज के टुकड़ों पर लिख कर उसकी बड़ी पर्चियां बनाएं।



## पर्चियों में लिखने के लिए शब्द

प्लास्टिक की पानी की बोतल, शैम्पू की बोतल, पाउडर की बोतल, प्लास्टिक की बाल्टी, PVC पाइप, दवाई के पत्ते, प्लास्टिक की थैली, दूध की थैली, प्लास्टिक बोतल के ढक्कन, प्लास्टिक की स्ट्रॉ, प्लास्टिक की कुर्सी, थर्मोकोल की प्लेट, प्लास्टिक का चम्मच, थर्मोकोल, अंडे की ट्रे, प्लास्टिक के ग्लास, चिप्स के रेपर, CD/DVD, बिस्कुट के रेपर।

(कोच के लिए जानकारी – पर्चियों में लिखे गए प्लास्टिक के प्रकार यह हैं:

प्रकार 1 – प्लास्टिक की पानी की बोतल,
प्रकार 2 – शैम्पू की बोतल, पाउडर की बोतल और प्लास्टिक की बाल्टी,
प्रकार 3 – PVC पाइप और दवाई के पत्ते,
प्रकार 4 – प्लास्टिक की थैली और दूध की थैली,
प्रकार 5 – प्लास्टिक बोतल के ढक्कन, प्लास्टिक की स्ट्रॉ और प्लास्टिक की कुर्सी,
प्रकार 6 – थर्मोकोल की प्लेट, प्लास्टिक की चम्मच, थर्मोकोल, अंडे की ट्रे और प्लास्टिक के ग्लास,
प्रकार 7 – चिप्स के रेपर, CD/DVD और बिस्कुट के रेपर)

## खेल कैसे खेलें?

1. सभी बच्चे उन 7 गोलों से एक समान दूरी पर एक लाइन बनाकर बैठेंगे और कोच उन्हें एक-एक करके बुलाएंगे और पर्चियां देंगे।
2. पर्ची में लिखी प्लास्टिक की वस्तु को बच्चों को उसके सही प्रकार के गोले में डालना है। जैसे प्लास्टिक की बोतल आने पर उस पर्ची का गोला बनाकर, गोले नंबर 1 में निशाना लगाना है।
3. निशाना लगाने से पहले बच्चों को उस प्लास्टिक की चीज़ का प्रकार कोच को बताना है।
4. यदि कोई बच्चा सही प्रकार बताता है लेकिन निशाना सही नहीं लगा पाता तो भी वह मान्य होगा।
5. कोच को ध्यान रखना है कि सभी बच्चों की बारी आए और निर्धारित समय में यह खेल पूरा हो जाए।